# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मण्डी व आई0टी0आई0 (महिला) मण्डी, डाकघर मण्डी, तहसील सदर, ज़िला मण्डी पिन कोड–175001 के छात्र कल्याण निधि लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 4/11 से 3/13 तक

## भाग–एक

1 गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों में सम्मिलित अनिर्णीत पैरों की समीक्षा वर्तमान अंकेक्षण के दौरान करने के पश्चात नवीनतम स्थिति निम्न प्रकार से है। अतः अनिर्णीत पैरों को निपटाने हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करके अनुपालना से अंकेक्षण को सूचित किया जाएः–

(क) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/03 से 3/06

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा–6 (3) (iv) (i) | निर्णीत | (कार्योत्तर स्वीकृति की सत्यापना उपरान्त) |
| 2 | पैरा–9 (ii) | निर्णीत | (कार्योत्तर स्वीकृति की सत्यापना उपरान्त) |
| 3 | पैरा–9 (iii) | निर्णीत | (कार्योत्तर स्वीकृति की सत्यापना उपरान्त) |

(ख) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/06 से 3/11

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा–3 | निर्णीत | (अंकेक्षण शुल्क की प्राप्ति की पुष्टि उपरान्त) |
| 2 | पैरा–4 (क से ग) | निर्णीत | (पैरा (क) तथा (ख) नैत्यिक प्रवृति (Routine nature) के होनेवश तथा पैरा (ग) इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा–4 (ग) में पुनः प्रारूपित करने के कारण। |
| 3 | पैरा–5 (i) | अनिर्णीत | |
| 4 | पैरा–5 (ii) | अनिर्णीत | |
| 5 | पैरा–5 (iii) | निर्णीत | (कार्योत्तर स्वीकृति की सत्यापना उपरान्त) |
| 6 | पैरा–5 (iv) | निर्णीत | (कार्योत्तर स्वीकृति की सत्यापना उपरान्त) |
| 7 | पैरा–5 (v) | निर्णीत | (₹13854/– की राशि रसीद संख्या 563 दिनाँक 13.02.2007 के अन्तर्गत रोकड़ बही के पृष्ठ संख्या 60 में जमा है अतः पैरा निर्णीत) |
| 8 | पैरा–5 (vi) | अनिर्णीत | |
| 9 | पैरा–5 (vii) | निर्णीत | (कार्योत्तर स्वीकृति की सत्यापना उपरान्त) |
| 10 | पैरा–5 (viii) | अनिर्णीत | |
| 11 | पैरा–6 (i) | अनिर्णीत | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12 | पैरा–6 (ii) | अनिर्णीत | |
| 13 | पैरा–7 | निर्णीत | (अपेक्षित राशि रोकड़ बही पृष्ठ संख्या 95 दिनाँक 18.6.2012 रसीद नं0 136 द्वारा जमा है) |
| 14 | पैरा–8 | अंशतः निर्णीत | (आई0टी0आई0 मण्डी के स्टॉक रजिस्टर में क्रय किये गए ₹782640/– के सामान की स्टॉक प्रविष्टियाँ दर्शा दी गई जबकि आई0टी0आई0 बग्सैड़ के स्टॉक रजिस्टर में ₹394035/– के सामान की स्टॉक प्रविष्टियाँ दर्शाया जाना अभी शेष है) |

## भाग–दो

2 वर्तमान अंकेक्षणः–

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मण्डी व आई0टी0आई0 (महिला) मण्डी के अवधि 4/11 से 3/13 के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण, जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दिये गये हैं, श्री रामलाल, अनुभाग अधिकारी (लेखा परीक्षा) व श्री विजय कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 7.11.13, 8.11.13 व 11.11.13 को किया गया। आय की विस्तृत जाँच के लिये माह 7/11 व 7/12 तथा व्यय की विस्तृत ज़ाँच के लिये माह 9/11 व 8/12 के लेखाओं का चयन किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान आई0टी0आई0 में निम्न संस्थाध्यक्ष कार्यरत रहेः–**

| क्र0सं0 | नाम व पद | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | ई0 देविन्द्र सिंह | 1.4.11 से 31.3.13 तक |

यह अंकेक्षण प्रतिवेदन संस्थान के प्रधानाचार्य द्वारा प्रदान की गई सूचनाओं एवं अंकेक्षण में प्रस्तुत अभिलेख के आधार पर तैयार किया गया है। संस्थान द्वारा प्रदान की गई किसी भी गलत अथवा अपूर्ण सूचना एवं सूचना प्रदान न करने की अवस्था में इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी प्रभाव हेतु स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश का कोई उत्तरदायित्व नहीं है। विभाग का उत्तरदायित्व केवल अंकेक्षण की विस्तृत ज़ाँच हेतु उपरोक्त उल्लेखित चयनित मासों तक ही सीमित है।

3 अंकेक्षण शुल्कः–

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मण्डी के लेखाओं अवधि 4/11 से 3/13 तक के अंकेक्षण शुल्क का आँकलन ₹3300/–(₹2200+₹1100) तीन हजार तीन सौ रूपये मात्र किया गया। अनुभाग अधिकारी (ले0प0) की अधियाचना संख्या शून्य दिनाँक 07.11.13 द्वारा अंकेक्षण

शुल्क की राशि को निदेशक स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग शिमला–9 को रेखांकित ड्राफ्ट के माध्यम से भेंजने का अनुरोध किया गया। संस्था द्वारा इस राशि को बैंक ड्राफ्ट संख्याः 350760 दिनांक 12.11.13 द्वारा भेज दिया गया है।

4 वित्तीय स्थितिः–

(क) संस्था के निधि लेखों की वित्तीय स्थिति इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट–"क"** पर संलग्न है।

(ख) दिनांक 31.3.13 को निधियों का अन्त शेष (बैंक व रोकड़ वही) तथा बैंक समाधान विवरणी इस प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "ख"** पर संलग्न है।

(ग) दिनांक 31.3.13 को निधियों से निवेश (एफ0डी0आर0) को इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "ग"** में दर्शाया गया है जिसके अनुसार संस्थान द्वारा अधिकतर निवेश निजि बैंक I.D.B.I (आई0डी0वी0आई0) में किये गये है जबकि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा समय–समय पर ज़ारी अनुदेशों के अनुसार यह निवेश हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक में किया जाना अपेक्षित है। अतः भविष्य में यह निवेश सरकार के उपरोक्त अनुदेशों के अनुरूप हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक में किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

5 लघु आपत्ति विवरणिकाः– इसे अलग से ज़ारी नहीं किया गया।

6 निष्कर्षः–लेखों का रख–रखाव सन्तोषजनक है।

हस्ता/–
सहायक निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

पृष्ठांकन संख्याः फिन (एल0ए0)xi (xii) 245/88 खण्ड–3 दिनांक, 28.5.14 शिमला–171009
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

पंजीकृत 1 प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मण्डी व आई0टी0आई0 (महिला) मण्डी, जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्यवाही करके सटिप्पण उत्तर अतिशीघ्र इस विभाग को अतिशीध्र भेजें।

2 प्रधान सचिव तकनीकी शिक्षा हि0प्र0 सरकार

3 निदेशक, तकनीकी शिक्षा, हिमाचल प्रदेश, सुन्दरनगर, जिला मण्डी, हि0प्र0

4 श्री रामलाल, अनुभाग अधिकारी अब सहायक नियन्त्रक द्वारा..........

हस्ता/–
सहायक निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.